## खबर संक्षेप

### बहुजन समाज पार्टी मण्डला में बहिन कु. मायावती का 67वां जन्मदिवस समारोह आयोजन

**मण्डला।** बहुजन समाज पार्टी जिला मण्डला के तत्वाधान में देश में सामाजिक परिवर्तन की महानायिका सर्व समाज के सम्मान व स्वाभिमान की प्रतीक बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री एवं सांसद बहिन कु. मायावती का 67वां जन्मदिन के अवसर पर जनकल्याणकारी दिवस समारोह दिनांक 15 जनवरी 2024, सोमवार, प्रातः11 बजे से स्थान- गोंडी पब्लिक ट्रस्ट हॉल, रपटा मण्डला में आयोजित किया गया है। पार्टी के समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता समर्थकों से अपील है कि उक्त समारोह में अधिक-अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनावें। निवेदक- बसपा जिला प्रभारी मण्डला इंदरसिंह उइके, उत्तम जाटव, उदय चौधरी, बसपा जिलाध्यक्ष मण्डला आर.के.चौधरी, षिवचरण उइके, सुंदरसिंह तुमरे, सुरेन्द्र चौधरी, एड.राकेश चौधरी, संतोष पूषाम, पनकू उइके, जगन्नाथ नंदा, चमनलाल चौधरी, टेकचंद देशराज, गुलाबदास संत, डी.पी. अहिरवार, गयाप्रसाद सैयाम, लक्ष्मण उइके, राजाराम देशिया, अतुल चौधरी, अभिषेक भाण्डे, नितेश चौधरी, प्रदीप देशराज, प्रमोद चौधरी आदि।

### पीएचई मंत्री ने लिया संक्रांति मेला के व्यवस्थाओं का जायजा

**मण्डला।** मकर संक्रांति पर्व की व्यवस्थाओं के संबंध में मध्यप्रदेश लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने महाराजपुर संगम स्थित मेला स्थल का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि घाटों में सुरक्षा से संबंधित सभी तैयारियां रखें। श्रद्धालुओं को गहरे पानी तक न जाने दें। उन्होंने घाटों में बेरीकेटिंग एवं रस्सी लगाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। संपतिया उइके ने कहा कि नावों पर क्षमता से अधिक सवारी न बैठने दें। नावों पर सुरक्षा जैकेट की व्यवस्था रखें। मोटरबोट से लगातार सभी घाटों में नजर रखें। उन्होंने तैराक तथा गोताखोरों के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। संपतिया उइके ने कहा कि मेला स्थल पर टेंट, लाईट, अलाव, पेयजल, चिकित्सा व्यवस्था आदि के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत निर्माण समिति के सभापति शैलेष मिश्रा, मुख्य नगरपालिका अधिकारी गजानन्द नाफड़े सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## योजनाओं को समझें और पात्रतानुसार लाभ उठाएं-संपतिया उइके

# विकसित राष्ट्र बनाने का लिया संकल्प





*** शासन की प्रत्येक योजना में जन कल्याण की भावना।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा 14 जनवरी 2024 को नैनपुर विकासखंड के ग्राम परसवाड़ा पहुंची जहां पर स्थानीय लोगों द्वारा यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। परसवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश सरकार की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके ने सहभागिता की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सरकार हर वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है। शासन की प्रत्येक योजनाओं में जनकल्याण की भावना निहित होती है, संपतिया उइके ने उपस्थित लोगों से शासन की योजनाओं को समझकर पात्रतानुसार उनका लाभ उठाने का आव्हान किया।

कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव से संबंधित अनुभव भी साझा किए गए। मंचासीन अतिथियों द्वारा शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभों का वितरण किया गया। साथ ही उपस्थितजनों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणजनों को विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, जिला पंचायत निर्माण समिति के सभापति शैलेष मिश्रा, जनपद अध्यक्ष ओमवती उइके, एसडीएम जेपी यादव तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि, संबंधित विभागों के अधिकारी, विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे पीएम जनमन के बैगा लाभार्थियों से संवाद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय के लाभार्थियों से वर्चुअली संवाद करेंगे। जिला स्तर का यह कार्यक्रम एकलव्य कन्या आवासीय विद्यालय सेमरखापा के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार पीएम जनमन अभियान का जिला स्तरीय कार्यक्रम 15 जनवरी को प्रातः 11 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में दोपहर 12 बजे से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी वर्चुअली जुड़ेंगे।





## सब जुनियर और जुनियर ओपन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का हुआ चयन




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

जिला एथेलेटिक्स संघ मण्डला के तत्वधान में दिनांक 13/01/2023 को सब जूनियर, जूनियर एथेलेटिक्स मीट का आयोजन महात्मा गांधी स्टेडियम में किया गया, जिसमे मंडला जिले के अंडर 16 और अंडर 14 बालक बालिकाओं ने अपनी सहभागिता की। एथलेटिक्स संघ सचिव– देवेन्द्र सरोते ने बताया कि एथलेटिक्स सब जूनियर , जूनियर प्रतियोगिता में 100 बालक बालिकाओं ने सहभागिता लिया था, जिसमे राष्ट्रीय स्तरीय एथलेटिक्स जूनियर प्रतियोगिता 15 फरवरी से 18 फरवरी को गुजरात में होनी है जिसमे 11 खिलाड़ियों का चयन किया गया। अनुराग मरकाम और शिवानी मार्को traithlon A, रितेश मरावी और जानवी अडमाचे traithlon B, निशा पन्द्रो और मनीष नरते traithlon c, प्रवीण परते शॉट पुट सरस्वती मरकाम 80m H यमन कोरचम भला फेक, अनुराग 60m रेस, दीपक लंबी कूद में इन खिलाड़ियों का चयन हुआ। खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य कामना के लिए एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष वैभव गुप्ता, उपाध्यक्ष बसंत चौधरी, सचिव डॉ रमेश शुक्ला, जिला खेल अधिकारी रवीन्द्र ठाकुर, हेमंत सोनी, सुमित सिहरे, शैलेश दूबे समीर बाजपाई, रूपेश ईसरानी, प्रदीप कछवाहा, पंकज उसराठे, त्रिलोक डोगरे, संतू खंडाते, रोहित मरावी, जगत मरकाम, यश सैनी, आकाश पटेल, डेविड मरावी, सोमनाथ भावेदी, अभिषेक यादव, शिवम (वाशु) सिंधिया, दीपेश पटेल ने बधाई प्रस्तुत की।

### आवश्यक तैयारी हेतु बैठक मंगलवार को

**मण्डला।** 22 जनवरी को श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर नगर में भी विभिन्न धार्मिक आयोजन होने हैं इन आयोजनों की तैयारी को लेकर एक अनिवार्य बैठक मंगलवार श्रीराम मंदिर पड़ाव में रखी गई है मंगलवार को होने वाली साप्ताहिक आरती के पहले शाम 6:00 बजे यह बैठक आयोजित की गई है बैठक में 22 जनवरी को होने वाली वाहन रैली, भण्डारा, मंदिर साज-सज्जा, सुंदर कांड का पाठ एवं दीपोत्सव जैसे कार्यक्रमों को लेकर व्यापक चर्चा की जानी है और इन कार्यक्रमों को लेकर अलग-अलग जिम्मेदारी भी तय की जायेगी। वाहन रैली जो कि सुबह 9:00 बजे प्रारंभ होगी इसके भ्रमण क्षेत्र को लेकर भी चर्चा होनी है। अतः सभी बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित हों और अपने सुझाव एवं सहयोग दें।

## पत्रकार परिषद समाज कल्याण प्रकोष्ठ ने परिक्रमावासियों को बांटे गर्म कपड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



रविवार को राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के समाज कल्याण प्रकोष्ठ द्वारा देवगांव स्थित संगम स्थल पर परिक्रमावासियों को गर्म कपड़े वितरण करते हुए भोजन कराया। इस कार्यक्रम में समाज कल्याण प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शिव तिवारी परिवार सहित पहुंचे और उन्होंने संत दीपक दास जी महाराज से आर्शीवाद लेते हुए देवगांव स्थल का भ्रमण किया। वहीं परिक्रमावासियों से चर्चा करते हुए कहा कि वे नर्मदा परिक्रमा में निकले धर्मप्रेमियों के लिए लंबे समय से काम कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने मां नर्मदा के महत्व पर भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मण्डला एक धार्मिक नगरी है जहां पर सभी धर्म के लोग मिलजुल कर रहते हैं यहां पर हर दिन धार्मिक आयोजन 12 माह होते हैं उन्हें देवगांव संगम स्थल की जानकारी मिली थी कि इस स्थान में नर्मदा और बुढनेर नदी का संगम हुआ है। यह अपनी सांस्कृतिक विरासत ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व रखता है। यहाँ जमदग्नि ऋषि की तपोस्थली और आश्रम है। मंडला जिला मुख्यालय से 35 किमी दूर मोहगांव विकासखंड के देवगांव नाम के गाँव में स्थित है। इस दौरान पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने परिक्रमावासियों के साथ भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर दीपक दास जी महाराज ने कहा कि देवगांव स्थल की लंबे समय से उपेक्षा की जा रही है यहां पर अच्छे भवन के साथ पानी और बिजली की समस्या बनीं रहती है हर दिन यहां पर सैकड़ो की संख्या पर परिक्रमावासी आया करते हैं जिन्हें भोजन प्रसादी के साथ रूकने आदि की व्यवस्था की जा रही है।

## खेत खलियान से अनाज जब घर आता है उस समय किया गया आदिवासी शेला नृत्य



**भुआबिछिया।** मवई विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बांदरवाड़ी के ग्राम मालूम झोला में शैला नृत्य का आयोजन किया गया। जिसमे आदिवासी (गोंड) समुदाय फसल कटने, पकने के खेत खलिहान से होकर अनाज घर आता है।तब आदिवासी (गोंड) समुदाय के लोग, भगवान को धन्यवाद करने एवं खुशी मनाने का शैला नृत्य एक जरिया है। उक्त कार्यक्रम में को बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अनंत सिंह राठौर सभापति सहकारी एवं उद्योग समिति जनपद पंचायत मवई, विशिष्ट अतिथि करण सिंह मरावी सरपंच ग्राम पंचायत बांदर वाड़ी, अध्यक्षता बीरबल सिंह धुर्वे, अक्षय परते समाज सेवी, मरकाम डीलन, अमर सिंह पट्टा, सिया राम तेकाम, अशोक पुषाम, राम प्रकाश परस्ते सचिव, पचलू मरावी, सम्मप्त मरावी, बाबू लाल मसराम, रमेश तेकाम, तीजन बाई तेकाम, रन्नू परते सरपंच, अमीर मरावी, जनक मरावी, सुखदेव धुर्वे, चेत राम पन्द्रे, दशरथ धुर्वे, तोक राम यादव, कमल मरावी, सहित ग्राम के संम्मानीय नागरिक एवं आस पास क्षेत्र के जनप्रति निधि मौजूद रहे।

## प्रतियोगिता | महाकौशल केसरी एवं अन्य भार वर्ग की कुश्ती में मण्डला की उपलब्धि।

# कुश्ती प्रतियोगिताओं में मण्डला को तीन पदक

*** निर्णायक की भूमिका में शिवम का जलबा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



जिला भारतीय शैली कुश्ती संघ मण्डला के सचिव किशोर कुमार गुप्ता द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार 12 एवं 13 जनवरी जिला भारतीय शैली कुश्ती संघ जबलपुर के द्वारा संस्कारधानी जबलपुर में संपन्न हुई महाकौशल केसरी एवं अन्य भार वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिताओं में जिले से 10 चयनित पहलवानों ने मण्डला टीम के कोच शिवम सिंधिया के नेतृत्व में प्रतिनिधित्व किया। जिनके द्वारा इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका का कार्य भी किया गया। पहलवानों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में तीन कांस्य पदक सागर चौधरी 40 कि.ग्रा. में, योगेश यादव 55 कि.ग्रा. में एवं प्रियांशु सिंधिया 60 कि.ग्रा. में जीतकर मण्डला जिले की कुश्ती का गौरव बढ़ाया। इस आयोजन में मण्डला जिले की कुश्ती कला को देखकर आयोजन स्थल पर उपस्थित कुश्ती प्रेमियों एवं मध्य प्रदेश भारतीय शैली कुश्ती संघ के महासचिव अर्जुन यादव ने मण्डला के पहलवानों की कुश्ती कला की प्रशंसा की एवं व्यायाम शालाओं के उस्तादों/खलीफाओं को सराहा। पहलवानों की इस उपलब्धि पर जिला भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रांतीय सहसचिव विनोद कछवाहा, जिला अध्यक्ष गुलाब मरदरिया, संरक्षक शिवराज कछवाहा, संरक्षक सुमन्त उपाध्याय, संरक्षक संतोष सोनू भलावी, संरक्षक अखिलेश कछवाहा, संरक्षक राजुल जोशी (रिंकू), वरिष्ठ उपाध्यक्ष गिरधारी लाल निखर एवं धनेश्वर नंदा, उपाध्यक्ष भगवान दास हरदा, योगेश कछवाहा, पेसन पटेल, हरपाल कछवाहा एवं बलवीर सिंह, सहसचिव सुमित सोनी (पिंकू) एवं अशोक यादव, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पर्ते, सदस्य भूपेंद्र गुप्ता, दीपक बैरागी, आनंद सोनी, वाजिद खान, चंद्रशेखर सिंधिया, नरेश सिंधिया, उमेश कछवाहा, प्रदीप कुमार कछवाहा, दीपक चक्रवर्ती, सतीश मरकाम, नितिन समुद्रे, मीडिया प्रभारी- संदीप कुमार कछवाहा, हफीज खान, कुलदीप सिंधिया, गौतम सिंधिया, कुश्ती टीम कि किट के प्रायोजक सीताराम राइस मिल पहाड़ी घंसौर के संचालक संतोष कुमार कुशवाहा एवं जिले के समस्त कुश्ती प्रेमियों द्वारा उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की गई और विलुप्त हो रही कुश्ती कल को जीवित रखने के लिए जिला भारतीय शैली कुश्ती संघ के प्रयासों की सराहना की।



## राम मंदिर के कारसेवकों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



अयोध्या में श्रीराम मंदिर निर्माण को लेकर किए गये संघर्षों को लेकर देशभर में याद किया जा रहा है। तब प्रभु श्रीराम कुछ लोगों के थे अब सब के हो रहे हैं। 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है जिसे लेकर देशभर में उत्साह है। श्रीराम मंदिर निर्माण के विभिन्न आंदोलनों में देश के अनेकों धर्म प्रेमियों का त्याग, समर्पण, श्रद्धा और बलिदान उल्लेखनीय है। मण्डला जिले के रामभक्त व बजरंगियों का योगदान भी स्मरणीय है। 11 अक्टूबर 2001 को डॉ. प्रवीण भाई तोगड़िया, अशोक सिंघल एवं महंत आचार्य गिरिराज किशोर के आव्हा्न पर विहिप बजरंग दल के तत्कालीन जिला संयोजक कन्हैया ठाकुर की अगुवाई में मण्डला जिले से अयोध्या जा रहे रामभक्तों को मुलायम सरकार की कठोरता का शिकार होना पड़ा था। इस दौरान उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में रात्रि 12 बजे जब सभी रामभक्त गहरी नींद में थे तब सीने में बंदूक अड़ाकर ट्रेन से उतारा गया था और जेल में डाल दिया गया था। चार दिन तक जेल में रखने के बाद पॉचवे दिन जबरदस्ती जबलपुर की ओर जा रही ट्रेन पर बिठाल दिया गया था। रामकाज के कारण मण्डला जिले से जेल में रहने वाले रामभक्त इस प्रकार हैं अधिक संख्या ग्राम औघटखपरी की थी - आनंद कछवाहा, चन्द्रप्रकाश दुबे, आशीष मिश्रा, मनोज ठाकुर, मेवा ठाकुर, पूनम रघुवंशी, पुहुप रघुवंशी, अरविंद बन्टू रघुवंशी, परशराम कालू ठाकुर, केशव यादव, अशोक बबलू ठाकुर, जगदीश ठाकुर, कृष्णकुमार महोबिया, शरद भाटी, विनोद रघुवंशी, कन्हैया ठाकुर, दिलिप यादव, संतोष यादव, स्व .पप्पू चंद्रौल, स्व. ब्रजकिशोर कछवाहा, स्व.उमेश यादव, मनीष नंदा, धनेश्वर चंद्रौल आदि अपने प्राणों की परवाह न करने वाले उक्त रामभक्तों में अब खुशी की लहर है। विगत दिवस इनके द्वारा सूर्यकुण्ड धाम पर पूजा अर्चना की गई और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया साथ ही कामना की गई कि श्रीराम के व्यक्तित्व, कृतित्व व चरित्र को लोग आत्म सात करें। इस अवसर पर विहिप बजरंग दल के पूर्व प्रान्तीय संयोजक अजय शर्मा एवं नरेश बरमैया द्वारा सभी कार्यसेवकों को भगवा गमछा पहनाकर स्वातग किया गया एवं अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद के रामगोपाल यादव, सुमित लांजीवार, रमोरंजन नामदेव, रक्षा नामदेव, सुनील कछवाहा द्वारा भी पुष्प मालाओं से उक्त रामभक्तों का स्वागत किया गया।



## खबर संक्षेप

### सीएम राईज स्कूल में आयोजित हुई खेल प्रतियोगितायें

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेडा।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देश अनुसार इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर साईंखेड़ा के सीएम राइस स्कूल में खेलों का आयोजन किया गया । बताया जाता है कि इन प्रतियोगिताओं में विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा द्वारा पुरस्कार वितरण किए गए एवं सभी खिलाड़ियों से खेलों से जुड़ी जानकारी से अवगत कराया । इस दौरान उन्होंने कहा कि जिस प्रकार जीवन में पढ़ाई बहुत अधिक जरूरी है उसी प्रकार खेल भी बहुत अधिक जरूरी है। इस कार्यक्रम में सीएम राइस स्कूल के समस्त स्टाफ शिक्षक गण मौजूद रहे एवं सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। यह आयोजन खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रधान पाठक सरदार सिंह राजपूत, स्पोर्ट टीचर भानु राजपूत , आदित्य दुबे , पवन राय युवा समन्वयक खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

### शिक्षा अधिकारी ने ली प्राचार्यो एवं शिक्षकों की बैठक

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** स्थानीय बीटीआई स्कूल में प्राचार्यो एवं शिक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इस बैठक में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग डॉ प्राचीश जैन ने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव की वजह से माध्यमिक शिक्षा मंडल की फरवरी में बोर्ड परीक्षाएं होंगी। जिसके चलते इन परीक्षाओ की तैयारी में कम ही दिन शेष बचे है और ऐसे में छात्र छात्राओं को परीक्षा की बेहतर तैयारी कराई जाए एवं अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर उनकी विषय संबंधी समस्याओं का निराकरण हो सके। इस उद्देश्य को लेकर सभी कार्य करें एवं पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेहतर परीक्षा परिणाम लेकर आएं। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एच पी कुर्मी ने कहा कि पिछले वर्ष बोर्ड परीक्षा परिणाम में अव्वल आये थे। इस वर्ष भी सभी शिक्षक बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी की बेहतर योजना बनाकर छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट शिक्षा दें जिससे कि परीक्षा परिणाम और बेहतर आये। बैठक में डीपीसी डॉ आर पी चतुर्वेदी ने कहा कि शिक्षको व छात्र छात्राओं के दृढ़ संकल्प एवं बेहतर मेहनत के बलबूते ही सर्वश्रेष्ठ परिणाम हासिल किया जा सकता है।

### मुख्य मार्ग पर बनी रही जाम की स्थिति से परेशान हुये लोग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम नांदनेर के पास बीते हुये दिनों नदी के पुल से एक ट्रक के गिर जाने के कारण जहां ट्रक चालक की मौत हो गई थी। वही दूरी ओर यह ट्रक उसी समय से नीचे पड़ा हुआ था। इस गाडरवारा से पिपरिया के ओर जाने वाले स्टैट हाईवे स्तर के मार्ग पर बने हुये इस पुल के नीचे पड़े हुये ट्रक को निकालने के लिये मकर संक्राति का दिन चुनना निश्चित तौर से आम लोगों के लिये परेशानी का कारण साबित होने से नही चूक पाया। क्योंकि बैसे भी देखा जावे तो यह मार्ग प्रदेश स्तर का होने के कारण इस मार्ग पर दिन भर छोटे से लेकर बडे वाहनों का आना जाना लगा रहता है। वही दूसरी ओर कल रविवार को त्यौहार यानि की मकर संक्रांति का दिन होने के चलते लोग नर्मदा सहित आसपास के मेलों में जाने के लिये इस मार्ग पर आवाजाही अधिक हो जाती है। मगर पुल के नीचे गिरे हुये ट्रक को निकालने के लिये जिस तरह पुल के ऊपर क्रेन मशीन को खड़ा करते हुये जब ट्रक को निकालने का प्रयास किया गया तो पुल के दोनों ओर भारी वाहनों की लम्बी लाईने लगने से नही चूक पाई तो दूसरी ओर देखा गया कि सबसे अधिक परेशानी उन लोगों को झेलना पड़ी जो त्यौहार के चलते अवकाश में अपने घर जा रहे थें या फिर मकर संक्रांति के चलते किसी मेल या फर पिकनिक मनाने के लिये वाहनों से जा रहे थें। इस तरह त्यौहार के दिन जाम की स्थिति बनाने के कारण लोगों को कई घंटों तक परेशान होते हुये देखा गया तो अनेक लोगों के दिलों में त्यौहार मनाने की खुशी पर इस ट्रक ने मायूसी फैलाने में कोई कसर नही छोड़ी गई है।





## मकर संक्रांति दो दिन रहने के चलते उत्साह

# शहर सहित क्षेत्र में लहराया आस्था का महा सागर

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

ग्रहों के राजा सूर्यदेव की अगवानी का महापर्व मकर संक्राति हर वर्ष 14 जनवरी को मनाया जाता रहा है मगर इस वर्ष मकर सक्रांति पर्व दो दिन होने के कारण जहां कल 14 जनवरी को परम्परागत होने के चलते नर्मदा स्नान करने वालों की भीड़ लगी रही तो आज 15 जनवरी को पूरे दिन मकर संक्रांति का पर्व रहने से आज भी नर्मदा तटों पर भीड़ रहने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है? इस प्रकार से इस वर्ष सक्रांति पर्व दो दिन पड़ने के चलते जहां इस पर्व को शहर और क्षेत्र के गांवो में आस्था के माहौल में मनाया गया। इस शुभ अवसर पर क्षेत्र में आस्था, धर्म के प्रति श्रद्धा का महासागर लहराता हुआ प्रतीत हो रहा था। मकर संक्राति पर्व कल रविवार व आज सोमवार को होने की स्थिति में उसका धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाने के कारण क्षेत्र के नर्मदा तटों पर लोगों ने पहुंचकर आस्था की डुबकी लगाते हुये माँ नर्मदा का पूजन अर्चन किया गया जिसके चलते दिन भर माँ नर्मदा जी के तटों पर भीड़ भाड़ का आलम देखने मिला तो इसी प्रकार का हाल आज भी देखने मिलेगा। क्योकि बीते हुये तीन सालों के दौरान कोरोना महामारी के चलते मेले के आयोनों पर प्रतिबंध लगा रहा है मगर इस वर्ष शांति रहने के चलते लोगों द्वारा बीते हुये वर्षो की रही कसर को निकलते हुये नजर आये। इस तरह मेले के आयोजन का लेकर जहां नर्मदा तटो पर प्रशासन के अधिकारियों के पैनी नजर रही और क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों से लेकर उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा तथा नगर निरीक्षक विक्रम रजक सहित समीपस्थ थाना सांईखेड़ा थाना प्रभारी प्रकाश पाइक व पलोहा थाना प्रभारी अपने अपने क्षेत्र के नर्मदा तटों पर लगातार भ्रमण करते हुये देखे गये। इसी का परिणाम है कि इस वर्ष क्षेत्र के मकर संक्राति के मौके पर कही से भी कोई अप्रिय घटना की जानकारी नही मिली है। ज्ञात हो कि बीते हुये लगातार दो वर्ष पहले जिस प्रकार गाडरवारा पुलिस थाने के अंतर्गत आने वाले लिंगा खुर्द नर्मदा घाट पर डूबने की घटनाये सामने आ रही थी इस बात को पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुये इस वर्ष इस घाट पर विशेष नजर रखते हुये चौकसी रखी गई है। इस तरह देखने मिला कि मकर सक्रांति के मौके पर नर्मदा तटों पर जहां दिन भर बाटी भर्ता के आयोजन चलते हुये देखे गये। वही दूसरी ओर क्षेत्र के कोठिया, शोकलपुर व झिकोली घाट पर जहां क्षेत्र के हजारों लोगों ने पहुंचकर माँ नर्मदाजी के स्नान करते हुये पूजन किया यही हाल आज भी देखने मिलेगा। मगर वही नर्मदा के अनेक तटों पर प्रशासन द्वारा सुरक्षा के लिये किसी भी प्रकार की कोई व्यवस्था नही किये जाने के कारण लोगों को अनेक प्रकार की परेशानियों से जूझते हुये देखा गया? बताया जाता है कि मकर संक्राति से शिशिर ऋतु की समाप्ति तथा बसंत ऋतु के आगमन की आहट मिलने से वातावरण काफी खुशनुमा माना जाता है, जिसके चलते कल रविवार की सुबह से ही नगर में लोगों के घरों में संक्राति पर्व मनाने की हलचले शुरू हो गयी थी तथा ईश्वर की पूजा, अर्चना करने के बाद लोगों द्वारा दान पुण्य का सिलसिला शुरू हो गया था। क्योंकि मकर संक्राति का पर्व दो दिन का होने के चलते लोगों ने घरों में संक्राति पर्व पर बने गुड़ के व्यंजन, दाल बाटी खाकर युवा, बच्चे आनंदित होते हुये देखे गये तथा नगर के मंदिरो में भी दर्शनार्थियों का तांता लगा हुआ देखने मिला। सुबह 10 बजे लोगों ने क्षेत्र के मॉ नर्मदा घाटो पर पहुॅचकर हजारो श्रद्धालुओं ने माँ नर्मदा जी में स्नान करने बाद पंडितो को दान देने के साथ ही दाल बाटी खाने का सुख प्राप्त करते हुए मॉ नर्मदा से जय घोष से रेवा तटों को गुंजायमान कर दिया। वही दूसरी ओर मकर संक्राति की शुभ बेला में डमरूघाटी के शिवधाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी देखी गयी। इस तरह मकर संक्राति के दौरान नर्मदाजी के घाटो में दाल बाटी, अगरबात्तियों, नारियलों की महक मॉ नर्मदा की लहरो में घुल रही मालूम पड़ रही थी और चहुॅओर खुशियों का माहौल देखने में आ रहा था। वही ज्योतिषाचार्यो ने हरिभूमि को बताया कि मकर संक्राति से सूर्य की कांति में परिवर्तन शुरू हो गया है, वे दक्षिण से उत्तर दिशा की ओर अभिमुख हो गए है, उत्तरायण से अब राते छोटी और दिन बड़े होने लगगें। इस मौके पर जहां क्षेत्र के नर्मदा तटो पर भीड़ का आलम देखने मिला वही दूसरी ओर इस मौके पर वाहन चालको द्वारा अपनी चांदी काटने के चक्कर में जहां वाहनों को ओवर लोडिंग सबारी भरते हुए आम लोगों की जिन्दगी के साथ खुला खिलबाड़ भी किया। इस बात की सच्चाई क्षेत्र के अनेक मार्गो पर देखने मिली, जहां पर दौड़ रही मैजिंक गाड़ियों से लेकर आटो में इनती सबारी भरी हुई थी कि लोग उनमें बैठने की जगह लूमते हुये देखे जा रहे थें, कुछ इसी प्रकार का हाल ट्रेक्टर ट्रालियों का देखने मिल रहा था। मगर धन्य है क्षेत्र की पुलिस प्रशासन जो आम लोगों की जिन्दगी के साथ खुला खिलबाड़ होने के बाद भी अपनी आंखे बंद करते हुए किसी बड़ी घटना को इंतजार करते हुए नजर आ रहा था। वही कुछ इसी प्रकार का हाल आज भी देखने मिलेगा? क्योंकि मकर सक्रांति बुरकी का शुभ मुहुर्त होने से आज भी नर्मदा तटों पर भीड़ उमड़ने की संभावना जताई जा रही है।





## मंत्री राव उदय प्रताप सिंह ने किया नगर में लर्निंग लाइसेंस कैंप का शुभारंभ

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा विभाग मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य में बीते हुये दिवस नगर के पीजी कॉलेज में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान एवं लर्निंग लाइसेंस कैंप का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि सड़क सुरक्षा सप्ताह 11 जनवरी से 24 जनवरी के मध्य आयोजित किया जा रहा है। इसी के चलते सड़क सुरक्षा सप्ताह के इस कार्यक्रम में मंत्री सिंह ने सभी छात्र- छात्राओं को ट्रैफिक नियमों के पालन करने तथा हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की समझाइश दी गई। वही इस दौरान परिवहन मंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा को मजबूत करके दुर्घटनाओं को कम से कम किया जा सकता है और हम सड़क दुर्घटनाओं के रोकने में यातयात नियमों का पालन करते हुये ज़िम्मेदार नागरिक होने का कर्तव्य निभायें। तेज गति के खतरों, सीट बेल्ट के उपयोग के महत्व को हमें समझना होगा। इस दौरान उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह सुरक्षित सड़क प्रथाओं को अपनाने के महत्व को रेखांकित करने और दुर्घटनाओं को कम करने के महत्व पर जनता को शिक्षित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। मंत्री श्री सिंह ने ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से बनने वाले लर्निंग लाइसेंस कैंप का शुभारंभ कर छात्र- छात्राओं को लर्निंग लाइसेंस वितरित भी किए। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष शिवकांत मिश्रा, मिनेंद्र डागा, राजीव ठाकुर, प्रियंक जैन, जिला पंचायत सदस्य डॉ. योगेश कौरव, शैलेन्द्र जैन, राव संदीप सिंह, मोहरकांत गुर्जर, अशोक भार्गव, मुकेश मरैया सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि, कॉलेज प्राचार्य एके जैन एवं जिला परिवहन अधिकारी जितेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

# तीन युवकों के पास से जप्त किया 6 किलो गांजा

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

लगातार बढ़ रहे मादक पदार्थो के अवैध कारोबार पर अंकुल लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन में गाडरवारा पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुये इस धंधें मिल लिप्त रहने वालों के खिलाफ डंडा घुमाया जा रहा है। इसी के चलते बीते हुये दिवस नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम को एक बड़ी सफलता हाथ लगने के साथ अलग अलग जगहों से तीन युवकों के पास से 6 किलो गांजा जप्त करने में सफलता हासिल की गई है। इस संबंध में पुलिस द्वारा खुलासा करते हुये बताया गया है कि बीते हुये 13 जनवरी को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की नगर में कुछ बाहरी युवकों द्वारा मादक पदार्थ विक्रय करने की जुगाड में घुम रहे है। इस सूचना से नगर निरीक्षक विक्रम रजक द्वारा अपने परिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। वही दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा आरोपियों को माल के साथ पकड़ने के आदेश दिये जाने पर जिला अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नागेन्द्र पटेरिया के मार्ग दर्शन तथा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के नेतृत्व में अलग अलग टीमों का गठन किया गया जिसमें मुख्य रूप से थाना प्रभारी नगर निरीक्षक विक्रम रजक के साथ उनि. नीलेश बडकुर, उनि श्रीराम रघुवंशी, उनि मनिषा लिल्हारे, उनि अर्जुन सिह बघेल, सउनि पुनीत कटारे के आलवा प्रधान आरक्षक भास्कर पटैल,



रामगोपाल, धनीराम, हरभजन सिंह आरक्षक राकेश झा, रूपेन्द्र चौबे गुरू, अवैध धंधों में लिप्त रहने वालों पर पैनी नजर रखने में माहिर माने जाने वाले दिनेश पटैल, आकाश, सतेन्द्र, अखिलेश, देवेन्द्र, सिद्धार्थ मिश्रा सिद्धू , उत्तम, महिला आरक्षक नेहा पटैल, गीता जबलपुर साइबर भास्कर सतनामी को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार नगर की गोल्डन सिटी कालोनी के पास एक युवक को संदिग्ध हालत में खडा हुआ पाये जाने पर जब उसको पकड़ते हुये पूछताछ की गई तो युवक द्वारा अपना नाम भैयाजी कहार पिता राजाराम कहार उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम जैतवाडा थाना बनखेडी जिला नर्मदापुरम बताया गया। वही जब इस युवक की तलाशी ली गई तो युवक के पास से पुलिस को संदेही भैयाजी कहार के पास 02 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जिसकी कीमत करीबन बीस हजार रुपए का मिलने पर उक्त मादक पदार्थ गांजा को मौके पर ही जप्त कर आरोपी भैयाजी कहार को गिरफ्तार किया गया । इसी प्रकार से इस टीम द्वारा नगर के सोया प्लांट के पास एक युवक को पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम राजकुमार उर्फ राजेश नामदेव पिता हल्केवीर नामदेव उम्र 32 वर्ष निवासी रेवा बनखेडी रोड मातापुरा तला मोहल्ला सोहागपुर जिला नर्मदापुरम बताया वही तलाशी के दौरान पुलिस को इस युवक के पास से 01 किलो 500 ग्राम गांजा कीमती 12 हजार कीमत जप्त किया गया। वही एक अन्य युवक को पकड़ते हुये जब उससे पूछताछ की गई तो युवक द्वारा अपना नाम जमील खान पिता मुन्ना खान उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम बांसखांपा थाना सोहागपुर जिला नर्मदापुरम बताया तथा तलासी के दौरान इस युवक के पास से पुलिस को 02 किलो 500 ग्राम गांजा जिसकी कीमत अनुमानित 25 हजार रूपया का जप्त किया गया। इस तरह नगर निरीक्षक विक्रम रजक की टीम द्वारा अलग अलग स्थानों से तीन युवकों के पास से 6 किलो ग्राम गांजा जप्त करते हुये आरोपियों के खिलाफ एन.डी.पी.एस. एक्ट के तहत पृथक - पृथक अपराध दर्ज किये जाकर आरोपीगणों को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया है । इस तरह मादक पदार्थों के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के चलते गाडरवारा पुलिस के हाथ कड़ी सफलता लगी है।

# नगर विकास के साथ अंकों के खेल में हो रही बढ़ोत्तरी

## जनप्रतिनिधियों के प्रयासों पर लगा रही ग्रहण, शहर में टेबिल लगाकर बन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि इस समय नगर के लेकर प्रदेश स्तर का नेतृत्व करने वाले जन प्रतिनिधियों द्वारा कंधे से कंधा मिलाकर इस नगर को विकास की ओर ले जाने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है और हमारे नगर सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के प्रयासों का परिणाम है कि नगर लगातार विकास की गति पकड़ने के साथ शहर की सूरत बदलते हुये दिखाई देने में कोई संदेह शेष नही रहे रहा है। मगर बडे ही हैरत की बात है कि नगर विकास के साथ जिस तरह शहर में अंकों के खेल में जिस तरह का इजाफा होते हुये देखा जा रहा है वह निश्चित तोर से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा किये जाने वाले प्रयासों पर ग्रहण लगाने से नही चूक रहा है? क्योंकि हमारे नगर से लेकर क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिधिनियों द्वारा मंचो से यह बात कहते हुये देखे जाते है कि वह



गाडरवारा नगर व क्षेत्र में किसी भी प्रकार से जुंआ सट्टा के अवैध कारोबार को स्वीकार नही करेगे..। इनके इन शब्दों से निश्चित तौर से बात स्पष्ट हो रही है कि हमारे क्षेत्र के प्रतिनिधित्व करने वाले इस अवैध कारोबार के पक्षधर नही है और इस अवैध कारोबार को वह बंद कराना चाहते है। मगर इसके बाद भी नगर में जिस गति से अंकों के खेल में इजाफा होने के साथ साथ जहां तहां टेबिले लगते हुये तैयार होने वाले अंकों से परिपूर्ण चार्टो की गणना होने की खबर मिल रही है वह चर्चा का विषय बनने से नही चूक पा रही है और नगरवायिों के मुंह से सिर्फ एक बात सुनाई दे रही है कि जब क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों द्वारा इस अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के मंचों से सख्त आदेश जारी किये जा रहे है तो फिर अंकों के अवैध कारोबार पर अंकुश लगने की इजाफा होते हुये क्यों दिखा ज रहा है कि आखिरकार टेबिलों लगाते हुये अंकों के चार्टो की गणना किसके संरक्षण में की जा रही है..? इस तरह नगर में लगातार बढ़ रहे अंकों के अवैध कारोबार के चलते निश्चित तौर से क्षेत्र की शांति व्यवस्था को ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है तो दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा किये जा रहे प्रयासों पर भी ग्रहण लगते हुये देखा जा रहा है। नगर व क्षेत्र में लगातार बढे रहे अंकों के कारोबार का ही परिणाम है कि चोरी सहित अन्य प्रकार के अपराध जन्म लेने से नही चूक पा रहे है..? इस तरह नगर में बढ़ रहे अंकों के खेल की सच्चाई पर नजर डाली जावे तो बीते हुये कुछ दिनों से चर्चाये इस तरह की सुनी जा रही है कि मानों इस अवैध कारोबार में लिप्त रहने वाले महारथियों को पूर्णरूप से अनुमति प्रदान कर दी गई जिसके चलते वह वह अपनी टेबिलों पर अंकों का बाजार सजाते हुये दुकानदारी करने में मग्न हो चुके है..?



## नगरीय निकाय के कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर मंत्री को सोंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा ।** अटल नगरीय निकाय कर्मचारी संघ ने मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह का नगर में आगमन पर जहां पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए नगरीय निकायों के कर्मचारियों की मांगों के संबंध में एक ज्ञापन सौपा गया। बताया जाता है कि सौपे गये ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि म.प्र.शा.सा.प्र. विभाग के पत्र कमांक 5-1/2013 दिनांक 7 अक्टूबर 2016 तथा म.प्र. शासन नगरीय प्रशासन एवं आवास विभाग के पत्र कमांक एफ-4-134/2017-18 - 1 दिनांक अगस्त 2017 के तहत समस्त दैनिक वेतन भोगियों / श्रमिकों / सफाई कर्मियों को स्थायीकर्मी किया जाना है। जिसमें म.प्र. के समस्त नगरनिगम, नगर पालिकाओं में कार्यरत 1 सितम्बर 2016 तक के सभी संवर्गो वं दैनिक वेतन भोगियों को विनियमित (स्थायीकर्मी) किया जाये। निकायों में कार्यरत विनियमित कर्मचारियों को निकायों में तृतीय / चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों पर नियमित किया जाये। निकायों को प्रदत्त चुंगी कर / यात्री कर (घुंगी छति पूर्ति) राशि में अघोषित कटौती बंद की जाये तथा समझौते अनुरूप क्षतिपूर्ति राशि में वृद्धि की जाये ताकि कर्मचारियों का वेतन समय पर प्राप्त हो सके। वही 1 सितम्बर 2016 के पश्चात नगरीय निकायों में कार्यरत श्रमिकों / दैनिक वेतन पर कार्यरत कर्मियों को प्रतिमाह अतिक्ति वेतन भत्ता जोड़कर एव निश्चित वेतन मान प्रदाय किया जाये।

**खबर संक्षेप**

## रोमांचक मुकाबले में डिंडौरी ने घुघरी को 5 रनों से किया पराजित



**अमरपुर।** जनपद पंचायत मुख्यालय में यंग स्टार स्पोर्ट्स क्लब अमरपुर के तत्वाधान में लोकमन साहू स्टेडियम में आयोजित टी 20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के 8 वें मुकाबले में शनिवार को सीबी कॉलेज डिंडौरी एवं घुघरी मंडला के मध्य मैच खेला गया। जिसमें सीबी कॉलेज डिंडौरी ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। सीबी कॉलेज डिंडौरी पहले बल्लेबाजी करते हुए बल्लेबाज कान्हा 26 रन, करीम 26 रन, इमरान 17 रन, योगेश 14 एवं शाकिर के 11 रनों की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 154 रन बनाए। वहीं घुघरी मंडला 155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी और बल्लेबाज रितेश नाबाद 54 रन, विक्रम 40 रन एवं राहुल के 19 रनों की मदद से निर्धारित 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 150 रन ही बना सकी। और महज 5 रनों से यह मैच गंवा दिया। इस मैच के निर्णायक की भूमिका में देवेन्द्र मालवीय एवं अरविंद उसराठे रहे। स्कोरिंग सूर्या मिश्रा व आफताब खान द्वारा किया गया। वहीं मैच का आंखों देखा हाल कृष्ण कुमार उसराठे, प्रवीण बर्मन व प्रदीप बनवासी द्वारा सुनाया गया। आज रविवार को प्रतियोगिता के दूसरे चक्र का पहला मुकाबला शहडोल एवं वाईएफसी मंडला के मध्य मैच खेला जाएगा।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा में साप्ताहिक कार्यक्रम को लेकर बैठक

**डिंडौरी ।** शनिवार की देर शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 22 जनवरी को श्री राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले भर साप्ताहिक कार्यक्रम को लेकर कलेक्टर ने जनप्रतिधियो के साथ बैठकर रूपरेखा तैयार की।जानकारी के अनुसार 16 जनवरी को समनापुर जनपद पंचायत में रामचरित मानस चैपाई के दोहों में अंताक्षरी ,17 जनवरी को दीदी कैफे परिसर में 03 बजे से 05 बजे तक फैंसी ड्रेस प्रतिस्पर्धा ,18 जनवरी को शहपुरा उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता,19 जनवरी को गाड़ासरई में निबंध प्रतियोगिता ,20 जनवरी को चित्रकला प्रतियोगिता करंजिया जनपद में,21 जनवरी को सुबह नर्मदा डेम घाट में नर्मदा परिक्रमा वासियो का स्वास्थ्य परीक्षण ,शारदा टेकरी साई मंदिर में अखंड रामायण फोटो प्रतिस्पर्धा ,22 जनवरी को नर्मदा मैया में दीपदान और आतिशबाजी का कार्यक्रम तय किया गया है।बैठक एक सप्ताह चलने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगो ने 50 हजार रुपए की सहयोग राशि दी है।बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते,शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे,नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता सारस,डिंडोरी जनपद अध्यक्ष आशा सिंह,नगर परिषद उपाध्यक्ष सारिका नायक, नरेंद्र राजपूत,राजेंद्र पाठक,सुरेंद्र दुबे पवन शर्मा ,दीपन खंपरिया ,हरिहर पराशर,आशीष वैश्य ,असगर सिद्दीकी ,पार्षद रितेश जैन,रजनीश राय सहित स्थानीय मौजूद रहे। राजेंद्र पाठक, जनपद के अध्यक्ष, सभी धर्म गुरु, नगर पालिका के अध्यक्ष , नगर परिषद पार्षद, पुलिस प्रशासन और जिला प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित हुए।

## घर से गायब प्रताड़ित महिला की कुएं में मिला शव

**अमरपुर।** पुलिस चैकी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम नांदा निवासी शिव कुमारी पति कुंवर सिंह 31 वर्ष की शव हरिदास के खेत में बने कुआं में तैरता दिखा। जिसकी सूचना ग्राम कोटवार गोकुल दास द्वारा पुलिस चैकी अमरपुर में दी गई। सूचना के आधार पर चैकी प्रभारी अतुल हरदहा, हमराह प्रधान आरक्षक रोहन मरावी, आरक्षक उमेश मार्को एवं गंगा यादव के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पंचनामा तैयार कर शव परीक्षण हेतु भेजा गया। शव परिक्षण उपरांत शव परिजनों को अंतिम संस्कार हेतु सौंपा गया। परिजनों के अनुसार शिव कुमारी देवरी निवासी का विवाह लगभग 15 वर्ष पूर्व कुंवर सिंह नांदा निवासी से हुई थी।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा

# हितग्राहियों को योजनाओं से किया जा रहा लाभांवित








### विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल हुए विधायक ओमप्रकाष धुर्वे

आज ग्राम पंचायत अलौनी जनपद पंचायत अमरपुर में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे शामिल हुए। ग्राम अलौनी के ग्रामवासियों ने कलश यात्रा व शैलानृत्य के साथ विधायक ओमप्रकाश धुर्वे का बडे धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ स्वागत किया।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।

उन्होंने बताया कि सम्पूर्ण जिले में 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें नागरिकों के बीच पहुँचकर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभांवित किया जा रहा है। आयोजित कार्यक्रमों में शिविर लगाकर योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार कर आवेदन लिये जा रहे हैं, वहीं स्वास्थ्य कैंप के माध्यम से उपचार भी दिया जा रहा है। विधायक शहपुरा ओमप्रकाश धुर्वे ग्राम पंचायत अलौनी जनपद पंचायत अमरपुर में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' में जनमानस को संबोधित करते हुए शासन के द्वारा दी जाने वाली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जो ग्राम क्षेत्र में योजना से वंचित हैं उन्हें आवेदन भरवाकर पेंशन, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, उज्जवला योजना, लाडली बहना, लाडली बेटी, सुकन्या योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना सहित अन्य योजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत हितग्राहियों को लाभांवित जा रहा है। मेरी कहानी मेरी जुबानी में मालती ठाकुर सदस्य राधाकृष्णन समूह को शासन के द्वारा सिलाई मशीन दी गई इन्होने अपनी जुबानी में कहा कि मैं पहले घर से बाहर नहीं निकल पाती थीं और समाज में बोलने से डरती थी। परन्तु आज मुझे समूह में जुडने से सिलाई के माध्यम से मेरे समस्त सदस्य 10-10 हजार रूपये मासिक कमा रहे हैं। मैं सरकार को धन्यवाद देती हूॅ। इसी तरह दीदी राखी यादव, कमला यादव, कृषि सखी ने बताया कि मैंने खेती किसानी में सब्जियां उगाकर अच्छी किस्म के बीज और ऑर्गेनिक तरीके से साग सब्जी उगा रही हूॅ। मेरा परिवार बहुत खुशहाल चल रहा है आज मैं आत्मनिर्भर बन चुकी हूॅ। मेरे परिवार का गुजारा आराम से चला रही हूॅ। मैं चाहती हू कि मेरे जैसी दीदीयां और भी तैयार हो जाएं और कहा कि मैं डॉम की प्रशिक्षण हेतु मुझे शासन द्वारा इंदौर भेजा जा रहा है। जिससे मैं गांव के अन्य किसानों को डॉम के बारे में किसानों को बताउंगी और आधुनिक तकनीकी के साथ उत्पादन करूंगी। कार्यक्रम के अंत में संकल्प यात्रा में शामिल आम जनता एवं अन्य को ''हमारा संकल्प विकसित भारत की प्रतिज्ञा लेता हूंध लेती हूं' की शपथ दिलाई गई। यात्रा की रथ में लगे एलईडी वॉल के माध्यम से केन्द्र शासन की योजनाओं पर आधारित वीडियो संदेश भी दिखाया गया। टीबी के मरीजों को जीवनदायिनी निक्षय पोषण आहार भी प्रदान किये गए। इस दौरान मण्डल अध्यक्षकृष्ण कुमार मिश्रा, फारूख खान जिला पंचायत संदस्य, प्रीमम मरावी जिला पंचायत सदस्य, तीरथ मूलचंदानी, किशोर मार्को जनपद सदस्य, विनोद पाठक,राजेश कछवाहा, गजेन्द्र ठाकुर, माखन साहू, धुर्वे सिंह पूर्व जनपद सदस्य, श्रीमती आरती धुर्वे जनपद सदस्य, श्रीमती सीता आयाम प्रधान पाठिका, सहित अन्य जनप्रतिनिधि व जनपद पंचायत अमरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रामजीवन वर्मा, कृषि विभाग से चेतराम अहिरवार,जनसंपर्क अधिकारी चेतराम अहिरवार और समस्त विभागों के अधिकारी कर्मचारी व ग्रामीणजन मौजूद रहे।



## नवागत पुलिस अधीक्षक ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये निर्देश

डिंडौरी ।

आज 13 जनवरीको जिले के कप्तान अखिल पटेल पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला डिण्डौरी के तीनो अनुभागों की क्राईम मिटिंग ली गई, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम सहित समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस एवं समस्त थाना प्रभारी उपस्थित रहें, पुलिस अधीक्षक द्वारा जिले के गंभीर अपराधों एवं अनसुलझे प्रकरणों की समीक्षा की एवं उनमें आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये, महिला संबंधी अपराधों में होनी वाली कार्यवाहीयों के संबंध में उचित दिशा-निर्देश एवं उपस्थित थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टॉफ को सायबर अपराध एवं महिला, बच्चों से संबंधित अपराधों पर संवेदनशील रहकर जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने तथा पुलिस विभाग द्वारा संचालित विभिन्न प्रकार की एप्लीकेशन का उपयोग करके माडर्न पुलिसिंग करने तथा शहर के सभी व्यस्ततम स्थानों पर पुलिस की मौजूदगी सुनिश्चित करके अपराधों पर अंकुश लगाने एवं यातायात व्यवस्था के संबंध में स्कूलध्कालेजों में बच्चों को समझाईस देने तथा वाहन चेकिंग के दौरान लोगों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देने के संबंध में निर्देशित किया गया।

# मुख्यमंत्री ने प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजन पर दिए आवश्यक निर्देश

### मंदिरों में राम कीर्तन, दीप प्रज्जवलन और प्रत्येक घर में दीपोत्सव

डिंडौरी ।

अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्रस्तावित भगवान श्रीराम की प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा को दृष्टिगत रखते हुए प्रदेश के सभी जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश कलेक्टर को जारी किये हैं। आदेश में 16 से 22 जनवरी तक के विभिन्न सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को गरिमापूर्वक मनाने के लिये आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। स्थानीय निकायों तथा स्थानीय लोगों के सहयोग से स्पेशल ट्रेनों तथा सड़क मार्गों से अयोध्या जा रहे तीर्थ-यात्रियों के सम्मान/स्वागत की व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की जायेंगी। प्रदेश के प्रत्येक मंदिर में 16 जनवरी से 22 जनवरी तक जन-सहयोग से राम कीर्तन का आयोजन कराया जायेगा। समस्त मंदिरों में दीप प्रज्जवलित किये जायेंगे। हर घर में दीपोत्सव के लिये आमजन को जागृत किया जायेगा। प्रदेश के नगरों तथा गाँव में मौजूद राम मंडलियों को मोहल्लों तथा गाँव में स्थानीय कार्यक्रम के लिये प्रेरित किया जायेगा। प्रदेश के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट समितियों द्वारा धर्मगुरुओं के साथ समन्वय कर 22 जनवरी को भंडारों का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश के मुख्य मंदिरों में टी.व्ही. स्क्रीन लगाकर अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जायेगा। मंदिरों के आयोजन में आमजन की सहभागिता के लिये विशेष रूप से आमंत्रण दिये जायेंगे, आवश्यक प्रबंध भी सुनिश्चित किये जायेंगे। जिले के प्रमुख मंदिरों में ट्रस्ट समिति के माध्यम से स्वच्छता, रोशनी, दीप प्रज्जवलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम-जानकी आधारित सांस्कृतिक आयोजन भी किये जायेंगे। सभी नगरों में नगरीय विकास एवं आवास विभाग तथा गाँव में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से 14 से 21 जनवरी के मध्य विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। सभी सरकारी इमारतों तथा स्कूल एवं कॉलेजों में साज-सज्जा की जायेगी। प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों में 16 से 21 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान चलाया जायेगा। समस्त शासकीय कार्यालयों में 21 से 26 जनवरी तक रोशनी की जायेगी। प्रदेश के जिलों में विभिन्न विभागों को कार्यक्रम कराये जाने संबंधी जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं। अलग-अलग स्थानों पर जन-अभियान परिषद के सहयोग से 11 से 22 जनवरी तक प्रभात-फेरी एवं कलश-यात्रा, 22 जनवरी को मंदिरों, पवित्र नदियों, जलाशयों में दीपदान एवं प्रकाश व्यवस्था, 11 से 22 जनवरी के बीच प्रदेश के 28 पवित्र स्थलों पर श्रीरामचरित लीला समारोह के साथ चित्रकूट एवं ओरछा में विशिष्ट गतिविधियों का आयोजन, स्थानीय कलाकारों एवं संस्थाओं के सहयोग से श्रीराम-जानकी जी से संबंधित चित्र, शिल्प, रांगोली आदि के साथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिचर्चा, नृत्य-नाटिका, भजन संध्या का आयोजन भी किया जायेगा।सभी ग्राम पंचायतों में श्रीराम कथा साप्ताह मनाया जायेगा, जिसमें गायन, कथा-वाचन, रामरक्षा स्रोत, रामचरित मानस पाठ आदि पर प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यमंत्री की ओर से प्रमाण-पत्र दिये जायेंगे। पुरस्कार वितरण 26 जनवरी को जिला मुख्यालय पर होगा।सभी ग्राम पंचायतों में श्रीराम कथा साप्ताह मनाया जायेगा, जिसमें गायन, कथा-वाचन, रामरक्षा स्रोत, रामचरित मानस पाठ आदि पर प्रतियोगिताएँ आयोजित होंगी। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्यमंत्री की ओर से प्रमाण-पत्र दिये जायेंगे। पुरस्कार वितरण 26 जनवरी को जिला मुख्यालय पर होगा।

## परवाज से युवाओं के सपनों को मिली रोजगार की उड़ान

# चंद्रविजय महाविद्यालय में लगा रोजगार मेला परवाज




### 375 युवक-युवतियों ने कराया पंजीयन, 137 को मिला रोजगार

डिंडौरी ।

जिला प्रशासन के नेतृत्व में गुरुवार को शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय में जिला स्तरीय रोजगार/स्वरोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन के द्वारा जिला उद्योग एवं व्यापार कार्यालय, रोजगार कार्यालय, ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन, प्रदान, आदिवासी वित्त विकास निगम, पशुपालन विभाग, मत्स्य पालन विभाग, उद्यान की विभाग, कृषि विभाग, जिला अंत व्यवसाय, खादी एवं ग्राम उद्योग विभाग, प्रदान संस्था के संयुक्त तत्वाधान में जिला स्तरीय वृहद रोजगारध स्वरोजगार मेला का आयोजन कराया गया। आज के इस कार्यक्रम में कुल 375 युवाओं ने रोजगार मेले में भाग लिया। इन प्रतिभागी युवाओं में से 137 युवाओं ने 6 अलग अलग कंपनियों में रोजगार प्राप्त किया। रोजगार प्रदाता कंपनियों में प्रथम फाउंडेशन, वर्धमान फैब्रिक्स, एस.आई.एस. सिक्योरिटीज, कार्ड संस्था, आर सेटी एवं शिवशक्ति एग्रीटेक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत कलेक्टर विकास के प्रेरणात्मक संदेश से हुई। जिसके बाद जिले में प्रदान के युवाशास्त्र कार्यक्रम अंतर्गत सफलता प्राप्त सफल युवकध्युवतियों ने अपना अनुभव साझा किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमति सुनीता सारस, भाजपा जिला अध्यक्ष अवध राज बिलैया सहित जनप्रतिनिधि और एलडीएम, जिला परियोजना प्रबंधक आजीविका श्रीमती मीना परते, परियोजना प्रबंधक छन्स्ड श्रीमती स्वेता तिवारी, जिला समन्वयक प्रदान सुश्री पौलोमी मलिक, प्राचार्य शासकीय चंद्रविजय महाविद्यालय डॉ. सुभाष बर्मन सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी और युवक युवतियां मौजूद थे।





# कलेक्टर द्वारा संचालित अभियान ''मैया'' को मिल रहा अपार जनसमर्थन

### जनभागीदारी से कर रहे नर्मदा का आँचल साफ

**डिंडोरी** कलेक्टर विकास मिश्रा के मार्गदर्शन में प्रत्येक रविवार मैया अभियान के तहत श्रमदान कर माँ नर्मदा के अंचल को साफ किया जाता है। मैया अभियान में सभी ने सहर्ष अपनी सहभागिता निभाई। प्रति रविवार कलेक्टर श्री मिश्रा की उपस्थिति में मां नर्मदा नदी के तटों की साफ सफाई की जाती है । कलेक्टर श्री मिश्रा के निर्देशन में नर्मदा नदी के साथ-साथ जिले की अन्य नदियों में भी मैया अभियान के तहत साफ सफाई की जाती है। अभियान में व्यापक रूप से जिलेवासियों को स्वच्छता का संदेश दिया जाता है। नर्मदा नदी में मिलने वाले गंदे नालों के लिए आवश्यक व्यवस्था करते हुए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कार्य जारी है। तत्काल के लिए जालियों वाला स्टॉप डेम का निर्माण किया गया है।

**क्या है मैया अभियान?** - मैया अभियान डिंडोरी जिले के संयुक्त प्रशासनिक मुखिया एवं कलेक्टर श्री विकास मिश्रा जी के द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य नगर एवं जल स्रोतों को साफ-साफ रखना है साथ ही मां नर्मदा की स्वच्छता बनाए रखने के लिए मां नर्मदा की दोनों तटों में दाएं तरफ बाएं तट के निवासियों के द्वारा स्वच्छता बनाए रखना बहुत आवश्यक है क्योंकि नदी के दोनों तरफ बसाहट से बाजार विकसित हो रहे हैं और उसे कचरा निकाल रहा है जो सीधे नर्मदा नदी में मिलता है नर्मदा नदी कचरा से पट रही है जल संग्रहण अधिक मात्रा में हो और जो संग्रहण स्थल है वह सिल्ट कचरो से भरा ना रहे इसलिए मैया बयान में इस बात का विशेष ध्यान रखा गया है और मेरा यह भी कहना है कि जो कचरा फैलता है वह साफ भी करें दूसरे लोगों के भरोसे में स्वच्छता अभियान कितना सफल यह कहना कठिन है लेकिन जो उपभोक्ता कचरा फैलता है उसे सफाई भी करनी चाहिए और यह एक अभियान के तौर पर जिला प्रशासन के मुखिया के द्वारा किए जा रहे प्रत्येक रविवार को हम सब मिलकर सहयोग करें जिससे कि सहकारिता और सहयोग की भावना उत्पन्न हो और हमारा नगर हमारी मां नर्मदा हमारे जल स्रोत एवं अन्य प्रमुख धार्मिक स्थल साफ स्वच्छ रहें हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है कि हमें सब ध्यान में चलें केवल शासन प्रशासन व नगर पालिका ग्राम पंचायत के कर्मचारी के भरोसे रहना ठीक नहीं है हमें अपने संसाधनों की स्वच्छता बनाए रखना उनके पूर्वक स्वरूप को बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है कलेक्टर विकास मिश्रा जी के द्वारा चलाई जा रहे इस अभियान की प्रशंसा की जाती है, साथ ही नगर के मैया अभियान से जुड़े लोग निरंतर इस कार्य में लगे हैं हमें भी अपना समय निकालकर इस कार्य में समय देना चाहिए स्वछता हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के द्वारा स्वच्छता अभियान प्रारंभ किया गया यह निरंतर चलता रहे यही आप सबसे प्रार्थना है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि नदियों की साफ सफाई के लिए मैया अभियान निरंतर जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने जिलेवासियों से आगे भी मैया अभियान के तहत स्वच्छता अभियान में शामिल होने की अपील की है वही बताया कि नर्मदा का होना उससे पूछो जो नंगे पाव ही निकल पड़ा है परिक्रमा की परंपरा को साधने।

खबर संक्षेप

## जन शिक्षा केंद्र स्तरीय मासिक बैठक संपन्न



**नरसिंहपुर।** विगत दिवस चावरपाठा विकासखंड में शासकीय माध्यमिक शाला काशीखेरी में विकासखंड स्तरीय अधिकारियों की सहमति से प्रशासनिक नवाचार करते हुए जन शिक्षा केंद्र स्तरीय मासिक बैठक का आयोजन रखा गया। जिसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी पीएस मरावी , जन शिक्षा केंद्र चावरपाठा से वरिष्ठ शिक्षक सहित बीआरसी कार्यालय से जनशिक्षक ज्ञान सिंह कौरव और महेश ठाकुर के मार्गदर्शन में शालाओं से प्रधान पाठक और शिक्षक सम्मिलित हुए। बैठक में मुख्य रूप से शिक्षण और कक्षा कक्ष की गतिविधियों में नवाचार करते हुए विद्यार्थियों में शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार करना है। उन्हें सहज सरल और सुलभ ढंग से शिक्षा की गतिविधियों से जोड़े रखना है। इन बातों पर जोर दिया गया। बैठक में संचालन और मार्गदर्शन करते हुए जन शिक्षक ज्ञान सिंह कौरव ने विभागीय कार्यक्रमों और गतिविधियों के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा की और आवश्यक कार्यवाही पर जोर दिया। शाला के प्रधान पाठक परवेज अख्तर खान ने छात्र और छात्राओ के हित में रोचक और गतिविधि आधारित शिक्षा पर आधारित अपनी बात बैठक में रखी। विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को अपने दायित्व का स्तर और अधिक गंभीरता से निभाने के निर्देश दिए ताकि समाज में शिक्षकों का सम्मान पूवार्नुसार ऊंचा रहे।वरिष्ठ अधिकारियों शिक्षक अजय शर्मा राजेश ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रत्येक ग्राम में शिक्षकों द्वारा शिक्षा के लिए पालकों को जागरूक किया जाएगा। संस्था के शिक्षकों के सहयोग से बैठक संपन्न हुई।

## घर- घर जाकर बांटे अक्षत दिया संदेश

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस आगामी पौष शुक्ल, द्वादशी विक्रम संवत 2080,सोमवार (दिनांक 22 जनवरी 2024) के शुभ दिन प्रभु श्री राम की बाल रूप नूतन विग्रह को श्री राम जन्मभूमि पर बन रहे नवीन मंदिर भूतल के गर्भ ग्रह में विराजित करके प्राण प्रतिष्ठा की जावेगी इस अवसर पर अयोध्या में अभूतपूर्व आनंद का वातावरण होगा आप भी प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने ग्राम अपने घर मोहल्ले,एवं किसी मंदिर मेंआसपास के सभी राम भक्तों को एकत्रित कर भजन कीर्तन सुंदरकांड हनुमान चालीसा के द्वारा भगवान श्री राम जी का गुणगान करें एवं प्राण प्रतिष्ठा के दिन सायं काल सूर्यास्त के बाद अपने घर के सामने देवताओं की प्रसन्नता के लिए दीपक जलाएं दीप मालिक सजायें,साथ ही विश्व के करोड़ों घरों में दीपोत्सव मनाया जाए ग्राम सिवनी में भी घर-घर जाकर अक्षत एवं श्री राम जी का कार्ड के माध्यम से दिया जा रहा संदेश इस पावन और इस पुनीत कार्य में ग्राम से उप सरपंच रेवाराम काछी, गेंदालाल काछी ,अरविंद कुमार ठाकुर, अखिलेश कुमार बरकड़े, जमना प्रसाद काछी ,संतराम ठाकुर जितेंद्र कुमार बरकड़े , रुपचंद साह एवं दयाराम ठाकुर साथ ही अन्य ग्राम वासियों का भी विशेष सहयोग रहा ।

## भाजपा मकर संक्रांति मिलन आज

**नरसिंहपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के प्रसिद्ध धार्मिक तथा ऐतिहासिक स्थल भगवान ब्रम्हा की तपोभूमि माँ नर्मदा के पावन तट बरमान रेत घाट पर भारतीय जनता पार्टी का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन व मकरसंक्रांति मिलन कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 15 जनवरी 2024 को दोपहर 1 बजे से किया गया है। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी, विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल, महेन्द्र नागेश सहित पूर्व विधायक गण व वरिष्ठ नेतागण विशेष रूप से उपस्थित रहेगे। उक्त कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी.अभिलाष मिश्रा ने जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकतार्ओं व पार्टी विचारधारा से संबंधित सभी व्यक्तियों से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को मिला उपचार

## स्वस्थ्य समाज के निर्माण में खेलों का बड़ा योगदान: फग्गन सिंह कुलस्ते

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम गोटेगांव में मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन एवं सहयोग क्रीड़ा मंडल के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है । प्रतियोगिता मे पहुंचे केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते द्वारा खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन करते हुये खेलों का आनंद लिया तथा प्रतियोगिताओं की उपयोगिता बताई गई । उक्त प्रतियोगिता में 25 लाख रुपए के इनाम तथा चार दिवसीय इनामी टूनार्मेंट आयोजित किया गया है ।

### स्वास्थ्य समाज मे है खेलों का योगदान

केन्द्रीय मंत्री श्री कुलस्ते द्वारा आयोजन समिति को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि स्वस्थ समाज के निर्माण में खेलों का बड़ा योगदान है, नौजवानों को परंपरागत खेलों के इस आयोजन के माध्यम से खेल एवं मैदान से जोड़ने में सहयोग क्रीड़ा मंडल एवं फाउंडेशन के साथी बधाई के पात्र हैं। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल एवं गोटेगांव विधायक महेंद्र नागेश ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उपस्थित खेल प्रेमी नागरिकों का आभार व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत सहयोग क्रीड़ा मंडल के अध्यक्ष बद्री चौकसे, आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेंद्र राय गिट्ठल एवं युवा आयोजन समिति के अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर (पाटन) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, नागरिक एवं बाहर से आए खेल प्रेमी दर्शक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।






### निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी आयोजन में खेल के साथ स्वास्थ्य सेवा को सम्मिलित रखते हुए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। आयोजन के समापन दिवस पर गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल जबलपुर के सहयोग से डॉक्टर पुष्पराज पटेल एवं उनकी टीम द्वारा हृदय रोग से जुड़े मरीजों का परीक्षण एवं उपचार किया गया। कार्यक्रम में गोटेगांव नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के सैकड़ो मरीजों ने उपस्थित होकर निशुल्क स्वास्थ्य शिविर सेवा का लाभ प्राप्त किया। शिविर में हृदयघात से जुड़े खतरों का विशेष रूप से परीक्षण करते हुए मरीजों को बचाव की जानकारी दी गई। मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव इंजीनियर सरदार सिंह पटेल ने गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल जबलपुर की टीम का आभार व्यक्त करते हुए उनका अभिनंदन किया। शिविर में प्रदीप जैन (मासाब),राजेंद्र राय (एल.एम.बी.),संजय सिंघवी, भोजराज साहू ,राजाराम तिवारी आदि का विशेष रूप से सहयोग रहा।

### इनकी रही उपस्थिति

उक्त अवसर पर हाकम सिंह चड़ार (पूर्व विधायक), संतोष दुबे (सांसद प्रतिनिधि), निधान सिंह पटेल ,एकम सिंह पटेल, राजकुमार जैन, नंदराम पाठक, रूपसिंह ठाकुर, वीरसेन सोनी, मेलाराम ठाकुर, ज्ञान बरडिया (ठेकेदार), सतीश खरया,राजू खरया,सुशील नेमा, सुबोध जैन, अजीत खरया, मुकेश विलवार, दादूराम पटेल, सतीश पटेल, आदित्य सिंह पटेल (पटनिया ),अजेय प्रताप सिंह, पंकज जैन, प्रेमशंकर पटेल, सुधीर पटेल (सरपंच), ओंकार सिंह पटेल ,वीरन सिंह पटेल, अर्जुन सिंह लोधी सहित बड़ी संख्या मे लोगा मौजूद रहे ।

## जिले में होंगे विभिन्न कार्यक्रम

# 22 जनवरी कार्यक्रम के लिए जनप्रतिधियों के साथ बैठक संपन्न





हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।

22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम जी के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व एवं 22 जनवरी को राज्य शासन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम एवं गतिविधियां संपादित की जायेगी। इन कार्यक्रमों के आयोजन के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में विधायक विश्वनाथ सिंह व महेंद्र नागेश, कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती अनिता ठाकुर, नगरपालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार, महंत प्रीतमपुरी,नगर परिषद तथा जनपद पंचायत के अध्यक्षों और अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनप्रतिनिधियों के सुझाव व शासन के निर्देशानुसार समस्त कार्यक्रमों के सुचारू संपादन के लिए जिला, अनुविभाग तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को जनपद स्तर पर तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को नोडल बनाया गया है। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित कर उनकी सहभागिता की व्यवस्था बनाई गई है।

### मंदिरों में एलईडी के माध्यम से किया जाएगा प्रसारण

बैठक में बताया गया कि राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार जिलों में अलग-अलग स्थानों पर प्रभातफेरी एवं कलश यात्रा एक अभियान के रूप में 11 से 22 जनवरी तक जन अभियान परिषद के सहयोग से किया जायेगा। मंदिरों एवं उनके आसपास विशेष स्वच्छता अभियान 11 से 22 जनवरी तक चलाया जायेगा। मंदिर/ पवित्र नदियों/ जलाशयों में दीपदान एवं प्रकाश व्यवस्था 22 जनवरी को की जाएगी। शहरों एवं ग्रामों में रोशनी एवं हर घर दीप प्रज्ज्वलन 22 जनवरी को किया जाएगा। 11 से 22 जनवरी तक होने वाले समस्त गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार एवं 22 जनवरी को श्रीराम की प्राण-प्रतिष्ठा का सजीव प्रसारण जिले के प्रमुख मंदिरों में एलईडी के माध्यम से किया जाएगा। स्थानीय कलाकारों एवं संस्थाओं से श्रीराम-जानकी जी से संबंधित चित्र, फिल्म, रंगोली आदि का प्रदर्शन किये जाने के साथ ही आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक परिचर्चा, नृत्य-नाटिका, भजन संध्या का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें सभी जनप्रतिनिधियों ने जिलेवासियों से सहभागिता करने की अपील भी की है।

### धर्मगुरुओं के साथ बैठक संपन्न

अयोध्या में श्रीराम जी के स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के पूर्व एवं 22 जनवरी को राज्य शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रमों एवं गतिविधियों का सम्पादन और जिला स्तरीय कार्य योजना के लिए जिले के जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के परामर्शदाता, सक्रिय प्रस्फुटन समितियों के प्रतिनिधि, सामाजिक, धार्मिक के स्वैच्छिक संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं नगर के प्रमुख मंदिरों के संचालक व पुजारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले की मौजूदगी में बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन के निर्देशानुसार समस्त कार्यक्रमों के सुचारू संपादन के लिए जिले के सभी धार्मिक, सामाजिक, स्वैच्छिक संस्थाओं के साथ धार्मिक स्थलों, मंदिरों के पुजारी व संचालक, रामायण/ दुर्गा/ गणेश/ राम धुन मण्डलियों के साथ आमजनों की व्यापक सहभागिता कराते हुए प्रत्येक पंचायत स्तर पर प्रभात फेरी, कलश यात्रा, दीप प्रज्ज्वलन, मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों की स्वच्छता आदि गतिविधियों के संपादन के लिए निर्देशित किया।

### दीपोत्सव जैसा होगा वातावरण

बैठक में बताया गया कि जगह- जगह उत्साह व त्यौहार जैसा माहौल हो, इसकी कार्य योजना तैयार की जाये। जिले में जगह-जगह भजन- कीर्तन, रंगोली, रामचरित्र पाठ, राम कथा, मंदिरो की साफ- सफाई, दीपोत्सव आदि कार्यक्रम हो। सम्पूर्ण जगह दीपोत्सव जैसा वातावरण मनाने को कहा। दीपोत्सव के लिये आमजन को जागृत किया जाये। राम मंडलियों को स्थानीय कार्यक्रम के लिये प्रेरित किया जाये। प्रमुख मंदिरों में साफ- सफाई, रोशनी, दीप प्रज्वलन आदि के साथ ही भगवान श्रीराम- जानकी आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायें। 16 से 21 जनवरी तक विशेष सफाई अभियान चलाया जाये। बैठक में गायत्री परिवार, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, जयगुरुदेव स्थान, पतंजलि योग समिति, मधुर फाउंडेशन, सर्व ब्राह्मण कर्मकांड सभा, योग आयोग समिति, वरिष्ठ नागरिक मंच, पेंशनर समाज तथा भारत विकास परिषद के प्रतिनिधि मौजूद थे।



## सायबर, नशे ओर महिला अपराधों की रोकथाम हेतु चलाया जागरूकता अभियान

### झोतेश्वर पुलिस ने ग्राम पंचायत कार्यालय श्रीनगर में ग्रामीणों को दी जानकारी

गोटेगांव।

देखिए...आपकी एक गलती आपकी जीवनभर की कमाई को नुकसान पहुंचा सकती है। इसलिए किसी भी अंजान लिंक को बिल्कुल नहीं खोले। अंजान सॉफ्टवेयर को डाउनलोड न करें ओर अपनी निजी बैंक संबंधी जानकारी बिल्कुल भी शेयर नहीं करें। उक्त जानकारी ग्राम पंचायत कार्यालय श्रीनगर में पुलिस कप्तान अमित कुमार के निर्देश पर आयोजित जागरूकता अभियान शिविर में झोतेश्वर चौकी प्रभारी रितु उपाध्याय ने ग्रामीणों को दी। प्रभारी उपाध्याय ने ग्रामीणों को नशे कि लत से दूर रहने के लिए जागरूक करते हुए कहां कि इससे परिवार में बर्बादी के अलावा कुछ नहीं होता हैं। नशाखोरी को जड़ से खत्म करने के लिए सामाजिक तौर पर प्रयास किए जाने चाहिए। पुलिस नशीले प्रदार्थो बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर रही हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आपके आसपास कोई नशे का कारोबार करता है तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दें। वहीं महिलाओं को भी महिला संबंधी अपराधों को लेकर जागरूक किया। इस अवसर पर श्रीनगर के सरपंच, उप सरपंच समेत सदस्य उपस्थित रहे!



## हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी के बेहतर परिणाम हेतु समीक्षा बैठक

**नरसिंहपुर।** विगत दिवस जिले के हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्रदेश में उल्लेखनीय बेहतर परिणाम हेतु जिले के हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निदेर्शानुसार जिला पंचायत सभागार कक्ष में मुख्य कार्य पालन अधिकारी जिला पंचायत दलीप कुमार द्वारा समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिला शिक्षा अधिकारी एच पी कुर्मी द्वारा जिले के अर्धवार्षिक, साप्ताहिक टेस्ट के परिणाम की जानकारी प्रस्तुत की गई। जिले के 171 हाई स्कूल हायर सेकेण्डरी विद्यालयों में आयोजित अर्द्धवार्षिक परीक्षा में जिन विद्यालयों का परीक्षा परिणाम 75प्रतिशत से कम रहा ऐसे 86 विद्यालयों के प्राचार्यों की समीक्षा मुख्य कार्य पालन अधिकारी द्वारा वन टू वन प्राचार्य से चर्चा की गई। 75%से कम परिणाम वाले विद्यालय के प्राचार्य से परिणाम की समीक्षा कर आवश्यक सुधार हेतु टिप्स दिए गए। कार्य पालन में लापरवाही पर कार्यवाही की जाएगी। सत्र 2023झ्र24 के प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय बेहतर परिणाम हेतु छात्र छात्राओं की शत प्रतिशत उपस्थिति के साथ अध्यापन कार्य कराया जाए। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए गए कि शेष दिनों में कार्ययोजना बनाकर कम परिणाम वाले विद्यालयों की सघन मानीटरिंग कर छात्र छात्राओं के शैक्षणिक स्तर में सुधार कर परिणाम में सुधार करें। जिन विद्यालयों में जिस विषय में छात्र का स्तर कमजोर है उस विषय की विषय विशेषज्ञ द्वारा अतिरिक्त कक्षाएं का संचालित करें जिसकी जिला स्तर,विकासखंड स्तर पर टीम तैयार कर सघन अवलोकन किया जाए। बैठक में अनुपस्थित प्राचार्यों के एक दिन के वेतन काटने के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी को दिए गए। उक्त अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एच पी कुर्मी, सहायक संचालक ए के मसराम, एडीपीसी रमसा अनिल व्योहार विकासखंड शिक्षा अधिकारी डा एस के पाल, सहित समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्राचार्य उपस्थित रहे।

## 'उत्तरायण सूर्य और मकर संक्रांति आज, पूरे दिन रहेगा पुण्य काल'

तेंदूखेड़ा

वैदिक सिद्धांत और सनातन मान्यताओं के अनुसार देवताओं के दिन का प्रारंभ उत्तरायण सूर्य और सूर्य का मकर राशि में संक्रमण इस वर्ष पौषमास शुक्ल पक्ष चतुर्थी तिथि सोमवार शतभिषा नक्षत्र वरीयान योग विष्टि करण स्थिर लग्न और दिन के प्रथम पहर में तदनुसार 15 जनवरी को भारतीय स्टैंण्डर्ड समय से दिन में 9 बजकर 23 मिनिट पर होगा।पं प्रमोद पचोरी बताते हैं कि पूरे वर्ष की बारह संक्रांतियों में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है ।इस दिन से देवताओं के दिन का प्रारंभ माना जाता है। 6माह के दक्षिणायन काल में वर्जित सभी कार्यों के लिए भी मुहूर्त प्रारंभ हो जाते हैं । ज्योतिष के सिद्धांतों की अनुसार सूर्य के मकर राशि में संक्रमण का अखिल विश्व और प्रत्येक प्राणी के ऊपर विशेष प्रभाव होता है। पौष माह में मकर की संक्रांति होने से समस्त प्रजा को सुख समृद्धि वैभव की प्राप्ति होती है। सभी के यहां सर्व मंगल के योग



बनते हैं। अलग-अलग राशि वाले लोगों को संक्रांति का फल अलग-अलग होता है ।मकर संक्रांति में पवित्र तीर्थ और पुण्यफल दायिनी नदियों में स्नान और दान का विशेष महत्व होता है। इस दिन तिल मिश्रित जल से स्नान तिल का उबटन तिल से हवन करना तिलोदक तिल का भोजन और तिल का दान इस प्रकार से तिल के 6 प्रयोग अनेक प्रकार की पाप राशि को नष्ट कर के हमें महान पुण्य फलदायक होते हैं। मकर संक्रांति का विशेष पुण्य काल 20घटी (8घंटा) अर्थात सायं काल 5 बजकर 23 मिनिट तक रहेगा।

### 'नर्मदा तटों पर उमड़ा आस्था का सैलाब'

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर क्षेत्र की सभी नर्मदा तटों पर आस्था का सैलाब देखने को मिलेगा।पर्व पर स्नान करने का विशेष महत्व है। इसलिए तेंदूखेड़ा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ककरा घाट, बिल्थारी थरेरी बारह सिमरिया हीरापुर और शोकलपुर करहैया घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के पहुंचेंगे। बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल और अपने निजी बाहनों से नर्मदा घाटों पर स्नान करने के लिए पहुंच रहे हैं। पुण्य सलिला के प्रति लोगों का कुछ ज्यादा ही श्रद्धा भाव देखने को मिल रहा है। भगवान ब्रह्मा की तपस्थली ब्रम्हांड घाट में मकरसंक्रांति दिवस से 15दिवसीय मेले का आयोजन किया जाता है जिसमें काफी दूर दूर से लोग पहुंचा करते हैं।

### 'पहली बार तेंदूखेड़ा वन स्टार'

**तेंदूखेड़ा-** हाल ही में आये स्वच्छता सर्वेक्षण के दौरान 50 हजार से कम आबादी वाले शहरों के मूल्यांकन में इस बार तेंदूखेड़ा नगर परिषद को वन स्टार रैंकिंग प्राप्त हुई है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार जबरदस्त तरीके से सुधार हुआ है। पिछली बार नगर परिषद की 60 बी रैंकिंग थी, लेकिन इस बार 39वीं रैंकिंग प्राप्त हुई है। निश्चित तौर पर इस कामयाबी में जहां लोगों में जागरूकता आई है वहीं सफाई कर्मियों की मेहनत अधिकारी कर्मचारियों का मार्गदर्शन समय-समय पर समीक्षा जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वच्छता पखवाड़े के माध्यम से स्वयं झाड़ू लगाकर लोगों को जागरूक करना प्रोत्साहन प्रमुख माना जा रहा है। हमारे प्रतिनिधि से चर्चा करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर ने बताया कि इस उपलब्धि में सफाई कर्मियों के द्वारा कचरे का उठाव आम लोगों की बढ़ती जागरूकता, टीम भावना से काम कर्मचारियों की सजगता मुख्य कारण रहा है। आने वाले समय में और अच्छा प्रदर्शन किया जायेगा।

'लोगों में बढ़ रही जागरुकता'